<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–20.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्र सरकार ने यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को दी मंजूरी, डेयरी और पशुधन क्षेत्र के विकास के लिए आवंटन में वृद्धि का फैसला।
2. विधानसभा के बजट सत्र का आज 14वां दिन, प्रश्न काल में विधायक उठायेंगे अपने क्षेत्र के मुद्दे, विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर भी होगी चर्चा।
3. भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई, डिफेंस सर्विस के गैरिसन इंजीनियर को 40 हजार रुपये घूस लेते रांची से किया गिरफ्तार।
4. रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बदला मौसम, बूंदाबांदी शुरु, मौसम विभाग ने तेज हवा चलने और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की।
5. आज से रांची में नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप का आयोजन, 600 से ज्यादा खिलाड़ी लेंगे भाग।।

********************

केन्द्र सरकार ने कम मूल्य के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए आज एक प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना में छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन पर शून्य दशमलव एक–पांच प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

सरकार ने पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को भी स्वीकृति दी है। संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन का कार्यान्वयन एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ किया जा रहा है।

********************

विधानसभा के बजट सत्र का आज 14वां दिन है। आज विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर चर्चा सदन की कार्यसूची में शामिल है। इसके अलावा प्रश्नकाल के दौरान विधायक अपने–अपने क्षेत्र के मुद्दे सदन में उठायेंगे और सरकार से उनपर जवाब मांगेंगे।

********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की तबीयत कल रात बिगड़ गयी। उन्हें इलाज के लिए रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें खांसी और उल्टी की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें फेफड़े की परेशानी है। उन्हें दो दिनों के आब्जर्वेशन में रखा जायेगा।

********************

गिरिडीह जिले में करीब डेढ़ लाख लाभुकों को इस माह मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिली है। योजना के लाभ से वंचित महिलाओं में सरकार के प्रति आक्रोश है।

इस बीच जिले के उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि जिले में अयोग्य लाभुकों को छांटने का काम पूरा हो गया है। तीन हजार नौ सौ से ज्यादा फर्जी लाभुकों को चिन्हित किया गया है।

********************

सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई की टीम ने इंडियन डिफेंस सर्विस के गैरिसन इंजीनियर साहिल रातूसरिया को 40 हजार 500 रुपये घूस लेते रांची से गिरफ्तार किया है। गैरिसन इंजीनियर के खिलाफ सीबीआई को शिकायत मिली थी कि वह बकाया बिल भुगतान के एवज में दो प्रतिशत घूस मांग रहे हैं। शिकायत की सत्यता जांचने के बाद सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

********************

देवघर जिले के सारवां के जंगल से पुलिस ने सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी पीएम किसान योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर फर्जी मोबाइल नंबर से कॉल कर आम लोगों से ठगी कर रहे थे। आरोपियों के पास से 10 मोबाइल समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

********************

गिरिडीह जिले के तिसरी सीओ अखिलेश प्रसाद की सरकारी गाड़ी में बालू लदे एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस सिलसिले में पुलिस ने कार्रवाई शुरु कर दी है। सीओ ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की वजह से वे बालू माफियाओं ने उनपर हमला किया है।

********************

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में राज्य का पहला उर्दू भवन का निर्माण किया जायेगा। इसकी पहल तेज कर दी गयी है।

********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें –

- दुमका के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय द्वारा 23 और 24 मार्च को जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज जिले के 150 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।
- खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ वन क्षेत्र में जंगली हाथी द्वार एक घर को ध्वस्त कर दिया गया। इस वजह से घर में सो रहा मात्र 9 दिन के एक नवजात शिशु की मौत हो गयी।
- सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र में हुए दिलीप गोराई गोलीकांड मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त देसी पिस्तौल बरामद कर ली है।
- गुमला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ध्रुव चंद्र मिश्र ने मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

********************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से मौसम बदल गया है। रांची में आसमान में घने बादल छाये हुए हैं। राज्य के कई हिस्सों में बूंदाबांदी भी शुरु हो गयी है। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा चलने और ओलावृष्टि होने की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम में आये बदलाव से अधिकतम तापमान में गिरावट आयेगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

********************

राजधानी रांची में आज से नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। इस चैंपियनशिप में देशभर के 600 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें 50 से अधिक इंटरनेशनल मास्टर व ग्रैंड मास्टर शामिल हैं। 6.5 लाख रुपये की इनामी राशि वाली इस चैंपियनशिप में शीर्ष चार पर रहने वाले खिलाड़ी एशियन चेस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

********************

रांची में आज से जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरु होगी। रांची विश्वविद्यालय के मैदान में होने वाली प्रतियोगिता का उदघाटन रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्लयू डा. सुदेश कुमार साहू करेंगे। प्रतियोगिता में जिले की 17 टीम हिस्सा लेंगी।

********************

तमिलनाडु में कल से शुरु हो रहे पारा वॉलीबॉल नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने झारखंड की टीम रवाना हो गयी है। झारखंड महिला और पुरुष दोनों ही वर्ग में प्रतियोगिता में अपना प्रतिनिधित्व करेगा।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 20 करोड़ फर्जी निकासी मामले में सत्ता पक्ष ने ही सरकार को घेरा।

प्रभात खबर लिखता है– कोयला पर बाजार दर से रॉयल्टी वसूलेगी सरकार।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– झारखंड के धार्मिक स्थलों को करेंगे विकसित।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– भारत की बेटी सुनीता का धरती पर स्वागत।

********************